# पतंजलि के साथ विश्व ने लिया योग का लाभ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हरिद्वार। पाँचवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि के साथ पूरे विश्व ने योग का लाभ लिया। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज ने नांदेड़, महाराष्ट्र से योग का शंखनाद किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस के साथ उपस्थित लाखों योग साधकों ने योग का अभ्यास किया।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव महाराज के जीवन पर एक पुस्तक 'मेरा जीवन मेरा मिशन' का भी विमोचन किया गया। पतंजलि योग समिति के माध्यम से देश के समस्त 650 जिलों,

■वामी रामदेव महाराज ने नांदेड़, महाराष्ट्र से योग का किया शंखनाद

पतंजलि योगपीठ तथा हरिद्वार स्थित पतंजलि की समस्त इकाइयों में आयुष मंत्रलय, भारत सरकार के कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योग का अभ्यास कराया गया।

पतंजलि की विविध इकाईयों में योगदिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ पतंजलि के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्र–छात्राओं, वानप्रस्थियों तथा आजीवन सेवाव्रती भाई–बहनों ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी। बैठकर करने वाले आसनों में वज्रासन, अर्द्धउष्ट्रासन, शशकासन, वक्रासन आदि का अभ्यास कराया गया। पेट के बल लेटकर करने वाले आसनों में मकरासन, भुजंगासन तथा शलभासन का आदि अभ्यास कराया गया। पीठ के बल करने वाले आसनों में उत्तानपादासन तथा पवनमुक्तासन का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात् प्राणायाम के क्रम में कपालभाति, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी, भस्त्रिका, उद्गीथ, शीतली तथा शीतकारी प्राणयाम कराया गया।

ध्यान सत्र के उपरान्त सभी उपस्थित योग साधकों को नियमित योग का संकल्प दिलाया गया। शान्तिपाठ के साथ योगसत्र का समापन हुआ।

## मानसिक तनाव हटाने में योग की अहम भूमिका

**(संवाददाता)** रुद्रप्रयाग। स्वस्थ तन स्वस्थ मन। शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अति आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही मानसिक विकास होता है। शरीर की विभिन्न व्याधियों को दूर करने तथा मानसिक तनाव को हटाने में योग की सार्थकता पूरा विश्व भी मान रहा है, इसलिए जीवन में खुशहाली के लिए योग को अपनायें और सुखी व स्वस्थ जीवन पायें। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थान, केदरनाथ धाम व समस्त यात्रा पड़ाव, समस्त तहसीलए विकास खंड एवं गुलाबराय मैदान में योग की विभिन्न क्रिया की गई। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट रुद्रप्रयाग के प्रभारी कृपाल सिंह पंवार द्वारा शीर्षासन, भुजंगासन, चंद्रासन, पवनमुक्तासन, योगमुद्रा आदि योग की क्रियाये कराई गई। भारत दुनिया में पूर्व से ही योग गुरू रहा है, ऋषिए मुनियों ने योग द्वारा अपनी साधना सिद्ध की है।

# श्रमिकों के परिश्रम से विकास की ओर अग्रसर उत्तराखण्डः कोशिक

## श्रमिकों के हितों की रक्षा व सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है सरकार

**प्रयास**

**संवाददाता**

हरिद्वार। श्रमिकों के परिश्रम से उत्तराखण्ड विकास की ओर अग्रसर है। प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा व उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। यह विचार शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने अपने कार्यालय पर विद्युत स्वयं सहायता समूह समिति की नवगठित कार्यकारिणी द्वारा उनके अभिनन्दन करने के अवसर पर व्यक्त किये। मदन कौशिक ने कहा कि प्रदेश सरकार असंगठित क्षेत्र के कर्मियों की आर्थिक व सामाजिक दशा सुधारने के लिए विशेष कदम उठा रही है। भविष्य में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बीमा व पेंशन की सुविधा प्रदान की जायेगी। शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि विद्युत स्वयं सहायता समूह समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी संगठन को मजबूत करते हुए विद्युत विभाग की कार्यशैली को सुधारने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

समिति के संरक्षक पार्षद अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि विद्युत स्वयं सहायता समूह समिति के माध्यम से अत्यन्त न्यून वेतन पर हजारों श्रमिक पूरे प्रदेश में अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा प्रदान कर रहे हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की अनदेखी स्वीकार नहीं होगी।



नगर विकास मंत्री मदन कौशिक का अभिनन्दन करते हुए।

शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक के सहयोग व आशीर्वाद से सभी श्रमिकों के हितों की रक्षा करने का प्रयास किया जायेगा। एड. राजकुमार ने कहा कि विभाग के अधिकारियों से मिलकर श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करवाया जायेगा। प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा को समर्पित है। किसी भी श्रमिक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।

सभी पदाधिकारियों ने शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक का गुलदस्ता भेंटकर भव्य स्वागत किया। शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने भी नवगठित पदाधिकारियों का मार्ल्यापण कर अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।

इस अवसर पर पार्षद अनिरूद्ध भाटी व पूर्व पार्षद राजकुमार एड.

> प्रदेश सरकार असंगठित क्षेत्र के कर्मियों की आर्थिक व सामाजिक दशा सुधारने के लिए विशेष कदम उठा रही है।
> –मदन कौशिक, शहरी विकास मंत्री।

संरक्षक, नीरज कुमार अध्यक्ष, सुनील कुमार सचिव, धर्मसिंह रावत उपाध्यक्ष, रूपेश शर्मा कोषाध्यक्ष, सुशील कुमार जन सम्पर्क विभाग, अजय शर्मा, संदीप गोस्वामी, नरेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, चन्द्रकिरण, परवान अली, मनीष चंचल, सोन, पार्षद विनित जौली आदि उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन सहित विभिन्न संस्थाओ व बीएचइएल में भी मनाया गया योग दिवस

**(संवाददाता)** हरिद्वार। जिला प्रशासन हरिद्वार की ओर से 5वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भल्ला स्टेडियम में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वही जिले के तमाम संस्थाओ सहित साधु संतो व् बी.एच.इ.एल में भी मनाया गया योग दिवस का कार्यक्रम मनाया गया।

जिला प्रशासन हरिद्वार की ओर से आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि आज पूरे विश्व में योग के साथ प्रातः हुई है, इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आज भारत योग की दिशा में विश्व का नेतृत्व कर रहा है, वैसे ही अन्य क्षेत्रों में भी दुनिया का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को स्वस्थ बनाने की पवित्र सोच प्रधानमंत्री की विशाल और उदार सोच को प्रकट करती है। जिलाधिकारी हरिद्वार दीपक रावत ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ योग आसन व क्रियाएं की।



योग करते कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, जिलाधिकारी व अधिकारी।

## न्यूज डायरी

### पांच दिनों का अवकाश

**(संवाददाता)** रुद्रप्रयाग। जिले के अंतर्गत संचालित समस्त आगंनवाडी केन्द्रों में कार्यरत आंगनवाडी कार्यकत्री एवं सहायिका, मिनी कार्यकत्री का 24 से 28 जून तक कुल पांच दिन का अवकाश रहेगा। यह आदेश जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने दिए। इस अवधि मे समस्त आगनवाडी केन्द्र बन्द रहेंगे व अवकाश की अवधि में समस्त सुपरवाइजर बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने–अपने क्षेत्र से सम्बन्धित कार्यो का निर्वहन करेगी। इसके साथ ही डीबीटी पीएमएमवीआई एवं राष्ट्रीय पोषण मिशन से सम्बन्धित सूचनायें फीड करेगी।

### उद्योगपति अतुल गुप्ता के बेटे शशांक की हुई रिंग सेरेमनी, आज होगी शादी

**(संवाददाता)** चमोली। गुप्ता बंधुओं के बेटों की औली में शाही शादी समारोह में शुक्रवार को उद्योगपति अतुल गुप्ता के बेटे शशांक की रिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। शशांक की शादी शनिवार को दुबई के कारोबारी विशाल जालान की बेटी शिवांगी से होनी है। रिंग सेरेमनी कार्यक्रम में गायक अभिजीत सावंत व अन्य कलाकारों ने गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं, उद्योगपति अजय गुप्ता ने बेटे सूर्यकांत व बहू कृतिका, परिवार, परिजनों के साथ भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए।

भारतीय मूल के उद्योगपति गुप्ता बंधुओं के बेटी की शादी समारोह के लिए औली को सजाया संवारा गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत, चार लोग हुए घायल

**(संवाददाता)** पुरोला। मात्री देवी (वन देवी) की पूजा अर्चना करने के लिए लिवाड़ी गांव के निकट के जंगल में स्थित वन देवी के मंदिर में गई एक महिला की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई, जबकि चार अन्य ग्रामीण घायल हुए हैं। घायलों को शुक्रवार दोपहर तक मोरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। ये सभी रेक्चा गांव के निवासी हैं।

### आइटीबीपी के जवानों ने 12 हजार फीट की ऊंचाई पर किया योग

**(संवाददाता)** गोपेश्वर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के जवानों ने चमोली जिले में 12 हजार फीट के ऊंचाई पर स्थिघ्त सतोपंथ में योग किया। इसके साथ ही जवानों ने भारत चीन सीमा की अग्रिम चौकियों पर योगासन किया। वहीं, कैलास मानसरोवर यात्रा मार्ग में 14000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित अंतिम भारतीय पड़ाव नावी ढांग में पर्वत के सामने योगाचार्य गिरिराज ने आइटीबीपी के जवानों को योग कराया। बता दें कि चमोली जिले के माणा गांव से लगभग 23 किमी की दुर्गम चढ़ाई के बाद लगभग 3700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित सतोपंथ झील का धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व है। इन दिनों यहां आइटीबीपी के जवनों ने कैंप लगा रखा है। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आइटीबीपी के जवनों ने योगासान किया। उत्तरकाशी में योग दिवस पर हिमवीरों ने भी अपने वाहिनी मुख्यालय से लेकर बॉर्डर तक योग अभ्यास किया।

### बाजपुर से होगी कांग्रेस की जीत की शुरुआत

**(संवाददाता)** बाजपुर। नगरपालिका चुनाव के चलते खुले कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री इंदिरा हृदयेश ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने अध्यक्ष पद पर खड़े कांग्रेस प्रत्याशी गुरजीत ड्क्षसह गित्ते को संगठित होकर चुनाव लड़वाने का आह्वान किया। मुख्यमार्ग पर खुले चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते हुए इंदिरा हृदयेश ने कहा कि इस चुनाव को हल्के में न लें। बाजपुर नगरपालिका चुनाव से ही प्रदेश में कांग्रेस की जीत की शुरुआत होगी। हम सबको आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए काम करना है। चेयरमेन जीतेगा तो एक ताकत मिलेगी। प्रधान का चुनाव जीतना भी किसी पार्टी के लिए काफी अहमियत रखता है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सेन, नगरपालिका अध्यक्ष पद प्रत्याशी गुरजीत सिंह गित्ते, जगतार सिंह बाजवा, सतीश गोयल, दर्शन लाल गोयल, सुनीता टम्टा बाजवा, फरजंद अंसारी, सिंह स्वरूप भारती, अजीत प्रताप ड्क्षसह रंधावा, बिजेंद्र डोगरा, तिलकराज शर्मा, महकराज सिंह आदि मौजूद थे।